10/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और 'सागर दृष्टिकोण' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अर्द्ध विकसित और विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। 00000000000000000

सर्बानंद सोनोवाल और किरेन रिजिजू को रविवार को नरेंद्र मोदी 3.0 सरकार के मंत्रिपरिषद में बरकरार रखा गया है, जबकि असम से भाजपा की राज्यसभा सांसद पाबित्रा मार्गेरिटा को भी नई सरकार में शामिल किया गया है। सोनोवाल और रिजिजू ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि मार्गेरिटा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।नई गठबंधन सरकार में कुल बहत्तर मंत्रियों ने शपथ ली। तीस कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री और छत्तीस राज्य मंत्री हैं।

00000000000000000

राष्ट्रपति के आमंत्रण पर प्रदेश के राज्यपाल के टी परनाइक भी राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कल शामिल हुए। नरेंद्र मोदी के लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने पर अरुणाचल प्रदेश राज्यपाल के टी परनाइक ने उन्हें बधाई दी।

0000000000000000

अधिकारिक सुत्रों क अनुसार मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने कहा कि आगामी पहली जूलाई से प्रदेश पुलिस और कानून विभाग नई आपराधिक कानून को लागू करने के लिए पूरे समर्पित भाव से कार्य कर रहे है। आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार सिविल सचिवालय में गुरुवार को मुख्य सचिव ने नई आपराधिक कानून को लागू करने के वास्ते राज्य स्तरीय स्ट्रींग समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की। नई आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस भारतीय साकक्षय अधिनियम दो हजार तेईस, जिसे राष्ट्रपति द्रुपदी मुर्मु ने दिसंबर दो हजार तेईस को ही अनुमती दे दी थी, मौजूदा ब्रिटीश काल का आपराधिक कानून Indian Penal Code-1860, Code of Criminal Procedure-1898 and Indian Evidence Act- 1872 का स्थान लेंगे।

0000000000000000

ऑयल इंडिया लिमिटेड सुपर 30 के तीस छात्रों में से उनतीस छात्रों ने जॉइंट एंट्रेंस परीक्षा एडवांस को उत्तीर्ण की है और वे देश के प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश लेने के योग्य है। सुपर 30 कार्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्रों को होस्टल सुविधा के साथ-साथ निशुल्क कोचिंग दिया जाता है।

मेधावी छात्रों जो आर्थिक रुप से कमजोर है और जिनके माता-पिता के वार्षिक आय 4 लाख से कम है उन छात्रों के लिए यह कार्यक्रम है।

0000000000000000

निर्वाचन आयोग ने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप-चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इनमें से चार विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल में, तीन हिमाचल प्रदेश में, दो उत्तराखंड में और एक-एक बिहार, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और पंजाब में हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान अगले महीने की 10 तारीख को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी।

00000000000000000

मणिपुर के जिरीबाम में, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा दल पर कुछ अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने घात लगाकर हमला किया। यह हमला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या सैतीस पर कोटलेन सिनम गांव के पास हुआ। हालांकि, मुख्यमंत्री इस दल के साथ नहीं थे। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

00000000000000000

एनआईए की एक टीम आज रियासी जिले में पहुंची और रविवार शाम को एक यात्री बस पर हुए आतंकी हमले की जांच में स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर रही है,

जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान भी चलाया। आतंकवादियों ने रविवार को कटरा में शिव खोरी मंदिर से माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही तिरपन सीटों वाली बस पर गोलीबारी की, जिससे वह सड़क से उतर गई और रियासी जिले में एक गहरी खाई में गिर गई। बस उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली से तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। घात लगाकर किए गए हमले में इकतालीस लोग घायल हो गए। उनमें से 10 को गोली लगी।

00000000000000000

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने कल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्रिकेट में पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जसप्रित बुमरा के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को लक्ष्य से 6 रन पहले ही रोक दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के सामने घुटने टेकते हुए उन्नीस ओवर में एक सौ उन्नीस रन बनाए। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर एक सौ तेरह रन ही बना सका।

00000000000000000